TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar


https://www.youtube.com/c/teachersofbihar



पुण्यतिथि विशेष
27 सितंबर 2025
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
शिक्षा एक शक्तिशाली साधन है।
राजा राममोहन राय
( समाज सुधारक )
जन्म : 22 मई 1772 मृत्यु : 27 सितंबर 1833
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org


मधु प्रिया


# विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर




"विश्व पर्यटन दिवस" की शुरुआत 1970 में यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गेनाइजेशन (UNWTO) द्वारा की गई।1970 में विश्व पर्यटन संगठन के संविधान को स्वीकार किया गया था। पर्यटन की सुरक्षा के लिए एक कानून लागू किया गया। 1979 को संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा अक्टूबर माह में निर्णय लिया गया की 27 सितंबर 1980 से हर वर्ष विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाएगा। 27 सितंबर चुनने का कारण यह है कि इसी दिन 1970 में संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने कानून को स्वीकार किया था। इसलिए 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। वर्ल्ड टूरिज्म डे हम सब के लिए एक खास दिन होता है। प्रत्येक वर्ष 27 सितंबर को यह दिन एक समारोह के रूप में मनाया जाता है। घूमने के शौकीन हर व्यक्ति इस दिवस से अवगत होंगे। 27 सितंबर के दिन दुनिया भर के देश अपने पर्यटन को बढ़ावा देने का लक्ष्य तथा उद्देश्य  रखते हैं। प्रत्येक वर्ष विश्व पर्यटन दिवस को एक नई थीम के साथ मनाया जाता है तथा सैलानियों को टूरिज्म के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई सारे अभियान भी चलाए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा हर साल विश्व पर्यटन दिवस की विषय वस्तु तय करती है।Tourism And Green Investments है, मतलब पर्यटन और हरित निवेश।

# पुण्यतिथि विशेष 27 सितंबर




**राजा राममोहन राय** *Raja Ram Mohan Roy*, जन्म: 22 मई, 1772; मृत्यु: 27 सितम्बर, 1833) को 'आधुनिक भारतीय समाज का जन्मदाता' कहा जाता है। वे ब्रह्म समाज के संस्थापक, भारतीय भाषायी प्रेस के प्रवर्तक, जनजागरण और सामाजिक सुधार आंदोलन के प्रणेता तथा बंगाल में नव-जागरण युग के पितामह थे। धार्मिक और सामाजिक विकास के क्षेत्र में राजा राममोहन राय का नाम सबसे अग्रणी है। राजा राम मोहन राय ने तत्कालीन भारतीय समाज की कट्टरता, रूढ़िवादिता एवं अंध विश्वासों को दूर करके उसे आधुनिक बनाने का प्रयास किया।

# MATH TLM

Class-6to8

43

## महत्वपूर्ण सूत्र ( ब्याज)

- साधारण ब्याज = $\frac{\text{मूलधन} \times \text{समय} \times \text{दर}}{100}$

जैसे -7500 रु का 10% वार्षिक ब्याज की दर से 2 वर्ष का साधारण ब्याज क्या होगा?

हलः- मूलधन=7500,दर=10%,समय=2वर्ष

साधारण ब्याज= $\frac{7500 \times 2 \times 10}{100}$ = 1500रु

Anu Priya, Science Teacher

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

## माह: September 2025

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक 06.09.2025 | डायरिया के सम्बन्ध में जानकारी तथा ओ.आर.एस. बनाने से संबंधित कौशल प्रशिक्षण  |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक 13.09.2025 | सड़क / रेल दुर्घटना से बचाव के संदर्भ में जानकारी  |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक 20.09.2025 | भूंकप से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी ( मॉकड्रिल )  |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक 27.09.2025 | नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के संदर्भ में जानकारी  |

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org




# ज्यादा मैच जीतने वाली टॉप-5 टीमें

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई/NR |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 70 | 48 | 19 | 1/2 |
| श्रीलंका | 71 | 47 | 24 | 0/0 |
| पाकिस्तान | 65 | 36 | 27 | 0/2 |
| बांग्लादेश | 60 | 15 | 45 | 0/0 |
| अफगानिस्तान | 22 | 8 | 13 | 1/0 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 27.09.2025

## बहुविषयक शिक्षा

बहुविषयक शिक्षा वह दृष्टिकोण है जो छात्रों को विभिन्न विषयों के ज्ञान और दृष्टिकोण को एकीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे उन्हें जटिल वास्तविक दुनिया की समस्याओं को समझने और हल करने में मदद मिलती है। यह पारंपरिक विषय सीमाओं से परे जाकर विभिन्न क्षेत्रों के बीच संबंध स्थापित करता है, जिससे छात्रों में आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और व्यापक समझ विकसित होती है। इसका उद्देश्य छात्रों को केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें विभिन्न विषयों के एकीकरण के माध्यम से व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने और समाज में प्रभावी ढंग से योगदान करने के लिए तैयार करना है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



इटली के होटल ह्यूबर्टस में एक ऐसा स्विमिंग पूल है जो दो ऊँची इमारतों को जोड़ता है। यह पूरी तरह पारदर्शी कांच से बना है, जिसमें तैरते समय नीचे सड़क और चलती गाड़ियों का नज़ारा साफ दिखता है। इस वजह से यह जगह सैलानियों के लिए रोमांच और हैरत से भरा खास अनुभव बन गई है।

# Teachers of Bihar

The change makers




## गुणकारी फल

### आड़ू




मुझमें विटामिन ए, सी, पोटेशियम, एंटीऑक्सीडेंट, पॉलिफिनॉल्स, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट्स आदि पाए जाते हैं।

Anu priya


पद्य पंकज
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
“
कभी-कभी खुद से बात करो,
कभी खुद से बोलो
अपनी नजर में तुम क्या हो?
ये मन की तराजू पर तोलो।
कवि प्रदीप
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org


27 सितंबर
विश्व पर्यटन दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत, समाज सुधारक,
विचारक, ब्रम्ह समाज के संस्थापक
राजा राममोहन राय
की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।
जन्म- 22 मई 1772 - मृत्यु- 27 सितंबर 1833
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya